आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 01.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्त्व बढ़ने के साथ ही सभी लोगों के लिए इसे सीखना ज़रूरी हो गया है।
- रेलवे जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाएगा।
- दुनियाभर में नववर्ष समारोहों की धूम–प्रदेश में मन्दिरों और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़।
- राज्य में कई जगह मावठ और कोहरे से ठण्ड बढ़ी–आने वाले तीन चार दिनों में पारे में और गिरावट के आसार।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के साथ देश में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अवसर है। वे राष्ट्रपति भवन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए कौशल विकास–एसओएआर के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हर किसी के लिए इस तकनीक को सीखना अनिवार्य हो गया है।

..........................

राष्ट्रपति मुर्मु ने तकनीक के माध्यम से भारत के जिम्मेदार भविष्य को आकार देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों और सांसदों को एआई प्रमाणपत्र प्रदान किए और 'स्किल द नेशन चैलेंज' नामक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

000

रेलवे जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये घोषणा करते हुए कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम हाई–स्पीड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

.......................

श्री वैष्णव ने बताया कि 16 कोच वाली यह स्लीपर ट्रेन एक हज़ार से डेढ हज़ार किलोमीटर तक की लंबी दूरी की यात्रा के लिए शुरू की जा रही है।
उन्होंने बताया कि यह ट्रेन आरामदायक स्लीपर सीट, स्वचालित दरवाज़े और आधुनिक शौचालय सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।

000

पूरे देश के साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे में नये ाल की शुरुआत के साथ ही ट्रेनों की नई समय सारिणी लागू हो गयी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि नई समय सारणी में नई ट्रेनों के संचालन, ट्रेनों के विस्तार, फेरों में वृद्धि, ट्रेन संख्या में बदलाव, नए ठहराव तथा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान समय में बदलाव हुआ है। उन्होंने बताया कि 66 ट्रेनों के आने–जाने के समय में 30 मिनट या अधिक का बदलाव हुआ है।

..................

इसके साथ ही आज से रेलवे के विभिन्न श्रेणी के किराए में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है।

000

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी। उन्होंने किसानों, श्रमिकों, मजदूरों और लखपति दीदियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाएगी और ग्रामीण उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगी।

000

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक

सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता 2020 शामिल हैं। इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इन मसौदा नियमों पर सभी हितधारक 45 दिन के अंदर अपनी आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

000

दुनिया भर में नववर्ष 2026 धूमधाम से मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में प्रदेशवासियों से नये साल में हर पल, हर दिन कुछ नया करते हुए राष्ट्र और समाज के लिए अपना सर्वस्व देने का आह्वान किया है। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा के श्रीनाथजी मन्दिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी प्रदेश के लोगों को नये साल की शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच प्रदेश में नववर्ष पर मन्दिरों में भीड़ रही। जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मन्दिर, गोविन्द देव जी मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। इसी तरह धौलपुर, अलवर, सवाईमाधोपुर, कोटा, झुन्झुनू और अन्य स्थानों पर मन्दिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। रामदेवरा में नये साल के उपलक्ष में बाबा रामदेव के दरबार में फूलों से विशेष सजावट की गई। दूसरी ओर प्रदेश के मशहूर दर्शनीय स्थलों पर नये साल के पहले दिन सैलानियों का जमावड़ा रहा। होटलों और रेस्ट्रॉन्ट्स में भी लोगों की भीड़ रही।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज बून्दी में नवनिर्मित टाउनहॉल का लोकार्पण किया। श्री बिरला ने कहा कि क्षेत्र में इस साल विकास के नए आयाम गढ़े जाएंगे। लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। हाल ही में अभ्यारण में बाघिन को एयरलिफ्ट करके लाया गया है। पानी की प्रचुरता के साथ–साथ दिल्ली मुंबई कॉरिडोर से नजदीकी के कारण आने वाले समय में एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों के लिये स्वास्थ्य सुविधाओं में भी इज़ाफा किया जाएगा।

..................

लोकसभा अध्यक्ष ने बूंदी के श्री मान्धाता बालाजी मेला महोत्सव में भी शिरकत की।

000

प्रदेश के कई ज़िलों में बीती रात और आज सुबह बारिश हुई है। कई ज़िलों में बादल छाये रहे, वहीं कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन पर असर पड़ा है। हनुमानगढ़ में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। सूर्य के दर्शन नहीं होने से तथा हल्की बूंदा–बांदी का दौर जारी रहने से ठण्ड का असर बढ़ गया। दौसा और सवाईमाधोपुर के कई इलाकों में आज भी पानी बरसा। धौलपुर जिले में नववर्ष का शुभारंभ कड़ाके की सर्दी के साथ हुआ। सुबह से ही सर्द हवाओं के साथ कोहरा छाया रहा। श्रीगंगानगर में ठण्ड और मावठ के साथ नए साल की शुरूआत हुई। जिले में हुई हल्की बारिश के बाद सुबह से कोहरा छाया होने के कारण सूरज देवता के दर्शन नहीं हुए। कोटा जिले में आज मावठ होने से मौसम का मिज़ाज बदल गया। जिलेभर में कई जगह रिमझिम, तो कई जगहों पर मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी दो–तीन दिन कई इलाकों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। विभाग ने आज कई जिलों में हल्की बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। विभाग के निदेशक ने बताया कि आने वाले तीन चार दिन में तापमान में गिरावट के आसार हैं।

...................

000

भीलवाड़ा जिले में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा बिगोद थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा– कोटा राजमार्ग पर डंपर द्वारा कार को टक्कर मारने से हुआ। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उदयपुर के अस्पताल में उपचार जारी है।

000

राजस्थान रोड़वेज़ यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेरी बस मेरी जिम्मेदारी अभियान चला रहा है। निगम की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया कि अभियान के तहत बसों में यात्री सीट, इलेक्ट्रिक कार्य, अग्निशमन यंत्र, आपातकाल द्वार को दुरस्त करवाया गया है। साथ ही निगम द्वारा सभी बसों की छतों से लगेज कैरियर हटवा दिये गये हैं।

000